SUNDAY | 13.04.2025 | वैशाख कृष्ण-प्रतिपदा विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 57 | अंक 86 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**Page No:03 Middle**

■ **क्रिकेट :** एसआरएमएस मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से।

**Page No:06 TOP**

# लकी की बॉलिंग से जीता विद्या वर्ल्ड स्कूल

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में मिशन अकादमी ने राधा माधव को हराया

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरेली।** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के चौथे दिन शनिवार को दो मुकाबले खेले गए। दिन के पहले मुकाबले में मिशन अकादमी ने राधामाधव और दूसरे मुकाबले में विद्या वर्ल्ड ने सोबतीज को हराया।

पहले मैच में मिशन अकादमी के कप्तान असद नद्दफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हिमांशु गंगवार ने 44 रनों का योगदान दिया। कप्तान असद ने 62 गेंदों पर नाबाद 128 रनों की पारी खेली। टीम ने 20 ओवरों में 211 रन बनाए।



असद को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। स्रोत : संस्थान

लक्ष्य का पीछा करने उतरी, राधामाधव की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में बल्लेबाज युव बिना खाता खोले ही क्लीन बोल्ड हो गए।

नियमित अंतराल पर टीम के विकेट गिरते चले गए और पूरी टीम 12.3 ओवरों में 48 रनों पर ही सिमट गई। राधा माधव के पांच खिलाड़ी, बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

शिवम गंगवार (10 रन) और अमन ठाकुर (17 रन) ही दहाई के अंक तक पहुंचे। मिशन की ओर से सुमन प्रशांत और प्रसाद ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। मिशन अकादमी के कप्तान असद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। बड़े स्कोर का पीछा करने उतरी सोबतीज पब्लिक स्कूल टीम के खिलाड़ी रन बनाने में संघर्ष करते दिखे।

16वें ओवर में विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने गेंद लकी को थमाई। लकी ने इस करिश्माई ओवर की पहली ही गेंद पर दिव्यांश गंगवार को बोल्ड किया। तीसरी गेंद पर राजवंश सिंह और चौथी गेंद पर देवांश मिश्रा बोल्ड हुए। अगली दोनों गेंदों पर आदित्य और अनुज एलबीडब्ल्यू हुए।

सोबतीज की टीम 16 ओवर में 85 रन ही बना सकी और विद्या वर्ल्ड ने 125 रन से मैच जीत लिया। सोबतीज के पांच खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। जबकि दो खिलाड़ी एक-एक रन पर आउट हुए। विद्या वर्ल्ड के लकी को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।